**मामला** मरीजों को थमाई जा रही बाहर जांच की पर्ची, कमीशनखोरी का नेटवर्क सक्रिय ...?

# सरकारी अस्पताल में सोनोग्राफी के बाद भी प्राइवेट जांच का खेल



▸ शासकीय अस्पताल की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल, जांच की मांग तेज

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** शासकीय अस्पताल में सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांच सुविधा उपलब्ध होने और मरीजों की जांच हो जाने के बाद भी कथित रूप से निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों में अतिरिक्त जांच कराने के लिए पर्चियां लिखे जाने का मामला चर्चा का विषय बन गया है।

### मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर गंभीर सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल में सोनोग्राफी हो जाने के बावजूद कई मरीजों को बाहर निजी जांच केंद्रों में दोबारा जांच कराने की सलाह दी जा रही है। सवाल यह उठ रहा है कि जब शासकीय अस्पताल में जांच सुविधा उपलब्ध है और जांच पूरी हो चुकी है, तो फिर निजी संस्थानों की ओर रेफर करने की जरूरत क्यों पड़ रही है। क्या यह चिकित्सकीय आवश्यकता है या फिर इसके पीछे कोई संगठित आर्थिक लाभ और कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। स्थानीय लोगों और मरीजों के बीच इस मामले को लेकर नाराजगी देखी जा रही है।

### लोगों का कहना है

लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए राहत का केंद्र होना चाहिए, लेकिन यदि वहां जांच के बाद भी मरीजों को निजी अस्पतालों का रास्ता दिखाया जा रहा है, तो यह सीधे तौर पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला मामला है। यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और नैतिकता पर बड़ा सवाल माना जाएगा। अब जरूरत है कि स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कर यह स्पष्ट करे कि आखिर मरीजों को प्राइवेट जांच के लिए क्यों भेजा जा रहा है और क्या इसके पीछे किसी प्रकार की अनियमितता या लाभ का तंत्र काम कर रहा है। अब बड़ा सवाल— क्या सरकारी अस्पताल में मरीजों की मजबूरी को बनाया जा रहा है कमाई का जरिया।



## अदिति के सीबीएसई बारहवीं परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित

**नवभारत/ करेली।** नगर के अग्रवाल परिवार की बेटी अदिति ने बुरहानपुर के सीबीएसई स्कूल मैक्रो विजन एकेडमी में बारहवीं में 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित करके अपने परिवार के साथ करेली नगर का नाम रोशन किया है। छोटे से नगर से जाकर किसी बड़े स्कूल में अपनी जगह बनाना अपने आप मे एक उपलब्धि है अदिति आनंद रचना अग्रवाल की सुपुत्री है अदिति के दादा लक्ष्मी अग्रवाल का कहना है मन मे जोश और दिल मे उमंग हो तो हर जीत आसान हो जाती है और रास्ते सरल होते जाते हैं अदिति की दादी प्रभा जी ईश्वर पर अटूट विश्वास रखने बाली है अदिति अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर का धन्यवाद करके अपने परिवार को दिया है अदिति का कहना है कि मैक्रो विजन में आनंद चौकसे को देखकर बहुत ऊर्जा मिलती है। अदिति की सफलता पर शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दीं।

# 82 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**नवभारत/ करेली।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा शहर के समग्र विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर के विभिन्न वार्डों में करीब 82 लाख रुपए की लागत के सड़क, नाली एवं कवर्ड नाला निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन निर्माण कार्यों से जहां शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, वहीं बरसात के दौरान जलभराव और गंदे पानी की समस्या से भी नागरिकों को राहत मिलेगी।

### जिला कलेक्टर से नगर विकास पर चर्चा

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार के नेतृत्व में शहर के प्रत्येक वार्ड में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने हाल ही में जिला कलेक्टर से मुलाकात कर नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी और अधोसंरचना से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों एवं आगामी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। नगर पालिका द्वारा शहर के सौंदर्यकरण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**जयप्रकाश वार्ड बाउंड्री वॉल एवं सौंदर्यकरण:** इसके अलावा जयप्रकाश वार्ड में आशीष अग्रवाल के मकान से नागेश के मकान तक नाली निर्माण, राजेंद्र शर्मा के मकान से बालिका छात्रावास के पीछे तक सड़क निर्माण एवं बालिका छात्रावास के सामने पार्क की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन लगभग 9 लाख रुपए की लागत से किया गया।राजेंद्र वार्ड में सचिन आचार्य के घर से मोती नाला तक लगभग 8 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

**नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार ने कहा:** करेली शहर को आधुनिक और व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित करना परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने के लिए परिषद निरंतर कार्य कर रही है।

### विशेष निधि से कवर्ड नाला निर्माण होगा

भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत सुभाष वार्ड स्थित लक्ष्मीपुरम कॉलोनी के सामने लगभग 65 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कवर्ड नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। सिविल अस्पताल करेली के उद्घाटन के समय नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार द्वारा प्रहलाद सिंह पटेल पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री के समक्ष नाले निर्माण की मांग रखी थी जिसमें कैबिनेट मंत्री द्वारा तुरंत राशि दिलाने का आश्वासन दिया था। जिसके तहत कैबिनेट मंत्री द्वारा विशेष निधि से 50 लाख रुपए की राशि नगर पालिका को उपलब्ध कराई गई है इसके लिए नगरपालिका अध्यक्ष ने पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल एवं कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का धन्यवाद प्रेषित किया है। हरई माता मंदिर प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है। करेली नगर का प्रसिद्ध आस्था का केंद्र है। हरई माता मंदिर जाने के मार्ग में श्रद्धालुओं को गंदगी का सामना करना पड़ता था जिससे निजात मिलेगी एवं हरई माता से जुड़े श्रद्धालुओं की प्रमुख मांग रही अस्पताल के ठीक सामने कच्चा नाले से एक्सीडेंट का खतरा रहता था पूर्व में भी एक्सीडेंट हो चुके हैं कवर्ड नाले से सभी समस्याओं से निजात मिलेगी।यह कार्य लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांगों में शामिल था। इसके पूर्ण होने से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त होने की उम्मीद है।

# उद्योग विभाग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने चला प्रशासन का बुलडोजर



**नवभारत/ गोटेगांव।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बगासपुर में उद्योग विभाग की शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और बुलडोजर की मदद से अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई। बताया गया है कि प्रशासन द्वारा पूर्व में अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वेच्छा से कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समयसीमा के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए आज कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन सहित अन्य संबंधित विभागों का अमला मौके पर मौजूद रहा, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। एसडीएम संघमित्रा गौतम ने बताया कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# दवा विक्रेताओं ने दवा दुकानें बंद कर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और ई कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एवं मध्य प्रदेश केमिस्ट ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को क्षेत्र के दवा व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान स्थानीय केमिस्ट एसोसिएशन ने प्रभारी एसडीएम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन दवा बिक्री पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बेचने का कोई स्पष्ट प्रावधान न होने के बावजूद कई कंपनियां सालों से नियमों को ताक पर रखकर दवाइयां बेच रही हैं। इसके अलावा बिना वैध डॉक्टर पर्चे के दवा सप्लाई करना और अत्यधिक छूट देकर बाजार खराब करना छोटे दवा व्यापारियों के अस्तित्व और जनस्वास्थ्य दोनों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है।




### केमिस्ट एसोसिएशन की प्रमुख मांगें

अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के दवाओं की होम डिलीवरी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगे। कोरोना काल जैसी असाधारण परिस्थितियों में दी गई राहतों को वर्तमान सामान्य स्थिति में तुरंत वापस लिया जाए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा अपनाई जा रही प्रेडेटरी प्राइसिंग नीति पर रोक लगे। इस आंदोलन में तेंदूखेड़ा के समस्त दवा विक्रेताओं ने एकजुट होकर भाग लिया और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# शतचंडी महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धा बड़ी संख्या में श्रद्धालु ले रहे धर्मलाभ

**नवभारत/ गाडरवारा।** समीपी ग्राम कामती के यज्ञशाला प्रांगण में आयोजित 5 कुण्डीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं नर्मदा चिंतन महापुराण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं। यह धार्मिक आयोजन अवधूत महायोगी श्री दादा गुरु भगवान की प्रेरणा से 17 मई से प्रारंभ हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयोजन की शुरुआत 17 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ रात्रि में संतों के प्रवचन भी हो रहे हैं। प्रवचन के दौरान विपिन बिहारी महाराज ने अपनी सरल एवं बुंदेली शैली में श्रद्धालुओं को सत्संग, सदाचार और संयम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को सदैव अच्छी संगति अपनानी चाहिए और कुसंगति से कोसों दूर रहना चाहिए। वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर व्यसनों से दूर रहना चाहिए। महाराज ने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है, इसलिए इसे व्यर्थ न गंवाकर ईश्वर स्मरण, भजन और सत्कर्मों में लगाना चाहिए।



### एक नजर में



## भीषण गर्मी में फुहारों से गौ माता को मिल रही राहत

**नवभारत/ गोटेगांव।** समीप धार्मिक स्थल झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम की गौशाला में भीषण गर्मी को देखते हुए गोवंश को राहत पहुंचाने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। आश्रम में निवासरत पूर्व महापौर कल्याणी पांडे द्वारा गौशाला में ऊपर पानी की पाइपलाइन डालकर नोजल लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से बरसने वाली पानी की फुहारें गौ माता को इस तपती गर्मी में ठंडक का अहसास करा रही हैं। कुमारी पांडे ने बताया कि उन्हें इस कार्य की प्रेरणा पूज्य शंकराचार्यजी से मिली है। वर्तमान में इस गौशाला के माध्यम से लगभग 600 गोवंश का निस्वार्थ भाव से संचालन और लालन-पालन किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि इस गौशाला में कोई भी गाय दूध देने वाली नहीं है, बल्कि यह वह गोवंश है जो अत्यंत बीमार, कमजोर और लाचार है। इस पुनीत कार्य में क्षेत्र के अनेक गौभक्त भी जुड़कर अपनी सेवाएं और सहयोग प्रदान कर रहे हैं, जिससे इन बेसहारा और बीमार गोवंश को भीषण गर्मी के प्रकोप से सुरक्षित रखा जा सके।

## ग्राम पंचायत कमती में अनुपयोगी साबित हो रहे पंचायतों के स्वच्छता परिसर

**नवभारत/ गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में शासन की योजना के तहत लाखों रूपये की लागत से स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया था। लेकिन पंचायत प्रबंधन की अदूरदर्शिता के कारण इन परिसरों का निर्माण ऐसे एकांत और अनुपयुक्त स्थानों पर कर दिया गया है कि ग्रामीण इनका उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं। कई स्थानों पर तो परिसरों में पानी तक की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे शासकीय राशि का दुरुपयोग साफ नजर आ रहा है। उदाहरण के तौर पर, ग्राम पंचायत कमती में श्मशान घाट के पास बिल्कुल एकांत इलाके में स्वच्छता परिसर बना दिया गया है, जहाँ पानी का कोई साधन न होने से ग्रामीण यहाँ जाने से कतराते हैं। इसी तरह एक अन्य ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी स्थल पर बना परिसर भी ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है।

## शनि जन्मोत्सव पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ संपन्न

**नवभारत/करेली।** विगत दिवस शनिवार को शनि अमावस्या शनि जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यों में और लावारिस पशुओं की देखभाल करने वाली लता शर्मा के नवीन भवन हनुमान वार्ड स्थित निवास पर नगर की श्रीजी धार्मिक मंडल के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ सानिध्य संपन्न किया गया। मंडल के भजन गायकों ने मेरे बांके बिहारी लाल तू इतना ना करियो सिंगार,नजर तोहे लग जाएगी छम छम नाचे, देखो वीर कहते हैं लोग इस प्रेम का दीवाना भजनों को गाकर पाठ में सम्मिलित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पाठ में लक्ष्मी मोरिया,आरती पटेल, मीना पटेल, प्रमिला राजा, बबीता शर्मा, लक्ष्मी नूरिया, रितु सालवी, पलक गोस्वामी साहित्य अन्य श्रद्धालुजन सम्मिलित रहे।

# ग्राम पंचायत राजाकछार के जिम्मेदारों की अनदेखी

▸ रखरखाव के अभाव में खस्ताहाल हुए फायर फाइटर, आगजनी से निपटने की व्यवस्थाएं फेल




**नवभारत/ गोटेगांव।** गोटेगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों को आगजनी की घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण पाने के उद्देश्य से विधायक निधि से फायर फाइटर वाटर टैंकर प्रदान किए गए थे। लेकिन ग्राम पंचायतों की घोर अनदेखी और लापरवाही के चलते इनका रखरखाव ठीक से नहीं किया गया, जिसके कारण अधिकांश फायर फाइटर टैंकर अब पूरी तरह कबाड़ और अनुपयोगी हो चुके हैं। स्थिति यह है कि ग्राम पंचायत राजाकछार को मिला फायर फाइटर टैंकर गौशाला भवन के पास वीरान हिस्से में लावारिस खड़ा है, जिसकी पानी खींचने वाली मशीन तक गायब हो चुकी है और केवल पाइप लाइन बची है। वहीं कई अन्य पंचायतों के टैंकरों के पाइप और मोटर भी अलग हो चुके हैं। भीषण गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि ग्रामीण इलाकों में आग लगने पर जब तक गोटेगांव मुख्यालय से दमकल वाहन पहुंचता है, तब तक किसानों और ग्रामीणों का बहुत बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो जाता है। जिस जनकल्याणकारी उद्देश्य से लाखों रूपये की लागत से ये दमकल टैंकर पंचायतों को बांटे गए थे, वह पंचायत प्रबंधन की उदासीनता के कारण पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत स्तर पर निष्क्रिय पड़े इन फायर फाइटर टैंकरों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि समय रहते आगजनी की दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

# शहीद आशीष शर्मा स्मृति मां नर्मदा कप का रंगारंग समापन

**नवभारत/गाडरवारा।** स्थानीय पुराना कॉलेज रुद्र मैदान में वीर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की पावन स्मृति में आयोजित माँ नर्मदा कप-2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट लीग का समापन हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में ब्रदर्स एन्ड संस ने रोमांचक संघर्ष के बाद प्रिंस इलेवन को अंतिम ओवर में पराजित कर खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर फाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व विधायक नरेश पाठक, युवा नेता राव अनुज प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, रीतेश राय, सुरेन्द्र गुर्जर, हर्ष पाठक, अशोक भार्गव, गणेश सोनी, मालपानी , मधुसूदन पटैल, अमित पटैल सहित अन्य अतिथियों ने स्वर्गीय आशीष शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें ब्रदर्स एन्ड संस टीम ने अंतिम ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच के उपरांत विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने आयोजकों और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं में खेल भावना विकसित करने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत सराहनीय हैं। सभी ने वीर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को नमन करते हुए खिलाड़ियों को अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना के साथ सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन पार्षद शुभम राजपूत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन ब्रजेश सोनी ने व्यक्त किया।

आयोजन को सफल बनाने में राजा नीरस, हिम्मत सिंह, इलियास खान, जुल्फीकार अली सहित अन्य सहयोगियों की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही नगर पालिका एवं अन्य सहयोगियों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा।



# बंद रहे लगभग 400 मेडिकल स्टोर : देशव्यापी केमिस्ट्स हड़ताल

**नवभारत/गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले में बुधवार को केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट्स द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और एमपीसीडी केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित इस हड़ताल में जिले के करीब 400 मेडिकल स्टोर बंद रखकर सभी केमिस्ट्स ने एकजुटता दिखाई। गोटेगांव नगर के केमिस्ट एसोसिएशन पदाधिकारीयों ने बताया कि यह हड़ताल अवैध और अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में की गई। हड़ताल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगाँव और तेंदूखे ?ा के एसडीएम के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में केमिस्ट्स ने प्रमुख रूप से तीन मुद्दों को उठाया जिनमें ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की अवैध बिक्री, बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के दवाओं की होम डिलीवरी, तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा भारी छूट देकर छोटे केमिस्ट्स को आर्थिक नुकसान पहुंचाना। इसके अलावा, त्स्क्र817(श्व) और त्स्क्र 220(श्व) को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग भी की गई। केमिस्ट्स का कहना है कि इन प्रावधानों का दुरुपयोग कर ऑनलाइन कंपनियां दवाओं की अनियंत्रित डिलीवरी कर रही हैं, जिससे न केवल छोटे व्यापारियों पर असर पड़ रहा है बल्कि मरीजों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। केमिस्ट समुदाय ने स्पष्ट किया कि दवाएं सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं, इसलिए उनकी बिक्री सख्त नियमों के तहत ही होनी चाहिए। बिना उचित सत्यापन के दवाओं की ऑनलाइन बिक्री से जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। वहीं एसोसिएशन का यह भी कहना है नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ डॉक्टर स्वयं मरीज को दबाए बेच रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा अवैध रूप से दवा बेचने और नकली दावांओ के कारोबार के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाना चाहिए ! उन्होंने यह भी याद दिलाया कि कोविड-19 महामारी के दौरान केमिस्ट्स ने फ्रंटलाइन वर्कर्स की तरह कार्य करते हुए लोगों तक दवाएं पहुंचाई, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गोटेगांव में यह हड़ताल पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और इसे व्यापक समर्थन मिला। वहीं, एसोसिएशन द्वारा जरूरतमंद मरीजों को आपातकालीन दवाएं उपलब्ध कराकर मानवीय जिम्मेदारी का भी निर्वहन किया गया।



# अवैध शराब के विरुद्ध नरसिंहपुर पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी

**नवभारत/ नरसिंहपुर** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली अंतर्गत एक विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना हुई कि सींगरी किनारे झाड़ियों में छिपाकर एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही की गई जिसके परिणाम स्वरूप एक स्कूटी चालक से भारी मात्रा में शराब जप्त की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना कोतवाली अंतर्गत कार्यवाही आरोपी ब्रजेश ठाकुर पिता राकेश ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी गाँधी चौक, नरसिंहपुर। जप्ती 2 पेटी अंग्रेजी (गोवा) शराब, 4 पेटी देशी शराब कुल कीमत 37,000 रुपए जप्त। वैधानिक कार्यवाही धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही में मुख्य भूमिका उक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली से थाना प्रभारी गौरव चांटे, सउनि भीम बाक्सर, आरक्षक उमेश्वर पाठक, अभय तिवारी, श्रेय अवस्थी, अनुराग दुबे, राहुल दुबे, नीलेश दुबे, कुलदीप साहू एवं सौरभ पटेल की मुख्य भूमिका रही है।

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते कि निवासी है। 2. यह कि शपथकर्ता ज्ञानी बाई शर्मा पति स्व.राम बाबू शर्मा का नाम समस्त दस्तावेजो मे ज्ञानी बाई शर्मा दर्ज है। 3. यह कि शपथकर्ता कि पेंशन प्रमाण पत्र पुस्तिका मे शपथकर्ता का नाम चानी बाई दर्ज है जबकी अन्य दस्तावेजो मे ज्ञानी बाई शर्मा दर्ज है। 4. यह कि शपथकर्ता ज्ञानी बाई शर्मा ही चानी बाई से जानी जाती है उक्त दोनो नाम शपथकर्ता के ही है। 5. यह कि शपथकर्ता ज्ञानी बाई शर्मा जिनकी जन्म तिथि समस्त दस्तावेजो में 01.01.1947 है जो कि सही है और जो पेंशन प्रमाण पत्र पुस्तिका में त्रुटिवश 01.01.1941 हो गया है जो कि गलत है। **शपथकर्ता**